SANKALP JYOTI

## सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार तथा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से संकल्प ज्योति संस्था द्वारा सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला एवं नुक्कड़ नाटक आयोजन का प्रतिवेदन

**(23 फरवरी से 30 मार्च, 2019)**

| क्र.सं. | शैक्षणिकसंस्थानों का नाम | दिनांक | उपस्थित छात्र/छात्राओं की सं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | संत माईकल स्कूल | 23.02.2019 | 267 |
| 2. | अरबिंद महिला कॉलेज | 27.02.2019 | 214 |
| 3. | ए.एन.कॉलेज | 05.03.2019 | 204 |
| 4. | लोहिया नगर माउण्ट कॉर्मेल हाई स्कूल | 06.03.2019 | 246 |
| 5. | डॉ. जाकिर हुसैन इंस्टीच्यूट | 08.03.2019 | 132 |
| 6. | कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्टस एण्ड साइंस | 09.03.2019 | 187 |
| 7. | टी.पी.एस. कॉलेज | 11.03.2019 | 134 |
| 8. | नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फैशन टेक्नॉलाजी | 13.03.2019 | 151 |
| 9. | ंगगा देवी महिला महाविद्यालय | 14.03.2019 | 112 |
| 10. | मगध महिला महाविद्यालय | 15.03.2019 | 153 |
| 11. | चाणक्य नेशनल लॉ युर्निवसिटी | 16.03.2019 | 127 |
| 12 | डिर्पाटमेंट ऑफ पर्सनल मैनेजमेंट एवं इंडिस्ट्रीयल रिलेशन्स, दरभंगाहाउस, पटना विश्वविद्यालय | 27.03.2019 | 125 |
| 13. | आर्केड बिजनेश कॉलेज | 29.03.2019 | 134 |
| 14. | सड़क सुरक्षा पर रोड शो | 29.03.2019 | 177 |
| 15. | आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट कॉलेज | 30.03.2019 | 114 |

## सड़क सुरक्षा पर संत माइकल के बच्चे हुए जागरूक

**पटना|** संत माइकल हाईस्कूल में शनिवार को सड़क सुरक्षा पर जागरुकता कार्यशाला हुई। कार्यशाला में आए अतिथियों ने बच्चों को सेफ ड्राइविंग और हेलमेट की महत्ता बताई। उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि सेंटर फॉर कैटेलाजिंग चेंज के संदीप ओझा ने बताया कि हम सभी सड़क सुरक्षा के मूलभूत सभी नियमों को जानते हैं। लेकिन इसकी उपेक्षा भी हम ही करते हैं। जिसका परिणाम न केवल एक परिवार पर पड़ता है बल्कि पूरे देश पर पड़ता है। विशिष्ट अतिथि दीपक चौरसिया ने सड़क सुरक्षा पर पीपीटी पेश किया। वीडियो के जरिए दुर्घटना के विभिन्न कारणों और उसके निदान के बारे में बताया। स्कूल के प्रिंसिपल फादर आर्मस्ट्रांग ने बच्चों को बताया कि ये कार्यशाला कितनी महत्त्वपूर्ण है।

## संत माइकल स्कूल में जागरूकता कार्यशाला

**दानापुर।** सड़क सुरक्षा पर शनिवार को संत माइकल हाईस्कूल में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और राज्य आपदा प्रबंधक प्राधिकरण के सहयोग से संकल्प ज्योति संस्था तथा सेफ्टी एलायंस के बैनर तले आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज के प्रमुख संदीप ओक्षा, भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान, पटना के सुरक्षा अधिकारी दीपक चौरसिया प्राचार्य फादर आर्मस्ट्रांग व उपप्राचार्य फादर फ्रेंसिंस ने संयुक्तरूप से किया। ओक्षा ने बताया कि यातायात नियमों को जानते हुए भी हमलोग उसकी उपेक्षा भी करते हैं।

## कॉलेज के पास दुर्घटनास्थल की छात्राओं ने की पहचान

पटना | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि



अरविंद महिला कॉलेज में बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला में शामिल छात्राएं। • हिन्दुस्तान

अरविंद महिला कॉलेज में बुधवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से संकल्प ज्योति संस्था की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. उषा झा, एनएसएस समन्वयक डॉ. रीता सिंह ने दीप जलाकर किया।

इस दौरान प्राचार्या ने कहा कि शहर में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। इसलिए छात्राओं को सड़क पर अधिक सजग रहना चाहिए। हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने की भी उन्होंने सलाह दी। इस दौरान सड़क सुरक्षा पर एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति हुई। नाटक से छात्राओं को सड़क पर सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। जेब्रा क्रॉसिंग के सहारे सड़क कैसे पार किया जाए, ट्रैफिक के हर सिग्नल की पहचान किस तरह से करें जैसे सड़क पर सुरक्षित रहने के तमाम गुर बताए गए। संस्था के सचिव संतोष कुमार ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य सड़कों पर हो रही दुर्घटना को रोकना है। इस अवसर पर छात्राओं के बीच ब्रेनस्टॉर्मिंग गतिविधि भी आयोजित करायी गयी, इसमें कॉलेज के तीन किलोमीटर तक के दायरे में आने वाली सड़क दुर्घटना क्षेत्र को स्पॉट किया गया। कॉलेज के समीप इन दुर्घटना स्थलों की रिपोर्ट परिवहन मंत्रालय, रोड कंस्ट्रक्शन विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग को सौंपा जाएगा। मौके पर प्रो. फरजाना असलम, प्रो. कविता सिन्हा, डॉ. गीता कुमारी, प्रो. साधना ठाकुर, डॉ. प्रतिमा सुमन, डॉ. गीता कुमारी शर्मा और सारिका रानी मौजूद रहीं।

## सड़क पर खुद भी सुरक्षित चलें और दूसरों को भी सुरक्षित चलने की सलाह दें

**पटना** | अरविंद महिला कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यशाला का आयोजन परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से संकल्प ज्योति और सेफ्टी एलायंस ने किया। उद्घाटन करते हुए कॉलेज की प्राचार्या डॉ उषा झा ने कहा हमें खुद तो सड़क पर सुरक्षित चलने की जरूरत है ही साथ ही दूसरों को सलाह देने की जरूरत है। नुक्कड़ नाटक से सड़क सुरक्षा पर जागरूक किया गया। संकल्प ज्योति के सचिव संतोष कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना से बिहार में 6500 से अधिक लोगों की मौत हो रही है। मौके पर कॉलेज की प्रो फरजाना असलम, प्रो कविता सिन्हा मौजूद थीं।

## सड़क सुरक्षा को लेकर छात्राओं को किया गया जागरूक

**पटना.** सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार तथा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से संकल्प ज्योति संस्था और सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन श्री अरविंद महिला कॉलेज में किया गया. इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या प्रो उषा झा, संकल्प ज्योति के सचिव संतोष कुमार, एनएसएस समन्वयक डॉ रीता सिंह के अलावा कई छात्राएं व टीचर्स मौजूद थीं. प्राचार्या ने आये दिन होने वाले हादसों को लेकर सतर्कता बरतने की बात की. इस दौरान छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर प्रेरणा की ओर से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. इस नाटक में जेब्रा क्रॉसिंग, गाड़ी चलाते वक्त सीट बेल्ट का इस्तेमाल, इयरफोन आदि के बारे में बताया गया. कार्यशाला में छात्राओं के बीच सड़क दुर्घटना एवं यातायात जाम पर तीन किलोमीटर के दायरे में आने वाले सड़क दुर्घटना एवं यातायात जाम वाले क्षेत्रों की पहचान भी की गयी.

# SANKAPL JYOTI

## हड़बड़ी में लोग हो रहे हैं सड़क दुर्घटना का शिकार

### संकल्प ज्योति एवं सेफ्टी एलायंस की ओर से सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला



सिटी रिपोर्टर|पटना

संकल्प ज्योति संस्था एवं सेफ्टी एलायंस की ओर से सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यशाला मंगलवार को एएन कॉलेज में हुई। शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम मो. मोईजुद्दीन, प्राचार्य एसपी. शाही, राजीव कुमार, वेद प्रकाश एवं रत्ना ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सड़क सुरक्षा पर चर्चा आज के समय की जरूरत हो गई है। पटना शहर में बढ़ती आबादी, सड़कों पर बढ़ते वाहनों के दबाव तथा समय पर पहुंचने की हड़बड़ी में लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। लोग गंतव्य तक जाने के लिए पर्याप्त समय लेकर नहीं चलते हैं। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करते हैं। सड़कों पर सेल्फी  के चक्कर में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इसलिए नियमों का पालन करें।

प्राचार्य एसपी शाही ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक संवेदनशील विषय है। इस पर जागरुकता जरूरी है। सड़कों पर लहेरिया स्टाइल में बाइक चलाने वाले युवक ही ज्यादातर इसका शिकार हो रहे हैं। कॉलेज प्रबंधन इस विषय पर 2 से 3 दिनों का जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करेगा। राजीव कुमार ने कहा कि परिवहन विभाग हर कॉलेज में एक-एक रोड सेफ्टी एंबेसडर का चयन कर रहा है। यह वालंटियर सर्विस होगा। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सड़क दुर्घटना का अधिकतर शिकार कॉलेज के विद्यार्थी हो रहे हैं। ये एम्बेसडर लोगों के बीच जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे, ताकि सड़क दुर्घटना में कमी हो। नुक्कड़ नाटक के जरिए यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन सुजीत कुमार दुबे ने दिया।

## छात्रों को नुक्कड़ नाटक से दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

**जागरण संवाददाता, पटना :** एएन कॉलेज के छात्रों ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स सीखे। पुस्तकालय भवन के सभागार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की एनएसएस यूनिट व संकल्प ज्योति ने संयुक्त रूप से किया था। प्राचार्य प्रो. एसपी शाही ने कहा कि नियमों का पालन करने वाले खुद के साथ-साथ दूसरों का भी जीवन बचाते हैं। विशेषज्ञ मोहम्मद मोफुजउद्दीन, राजीव कुमार तथा वेद प्रकाश उपाध्याय ने सड़क सुरक्षा के विभिन्न आयाम पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि सड़क दुर्घटना की बड़ी वजह से लापरवाही है। दुर्घटना में घायल को जल्द से जल्द इलाज उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण होता है। दुर्घटना के पहले एक घंटे में इलाज प्रारंभ हो जाने पर 50 फीसद मौत की संख्या कम की जा सकती है। इस मौके पर छात्रों और छात्राओं को जेबरा क्रासिंग, रेड लाइन, सिंगनल आदि के महत्व बताए गए। संचालन एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रत्ना अमृत व धन्यवाद ज्ञापन सुजीत कुमार दुबे ने किया।

# लहरियाकट बाइक नहीं चलाएं छात्रः एसपी शाही




लाइफ रिपोर्टर@पटना

अनुग्रह नारायण महाविद्यालय (एएन कॉलेज) की एनएसएस यूनिट एवं संकल्प ज्योति के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रधानाचार्य प्रो एसपी शाही ने कहा कि सड़क यातायात के नियमों का दृढ़ता से पालन करके ही सड़क दुर्घटना को कम किया जा सकता है. प्रो शाही ने छात्रों को नसीहत दी कि दो पहिया वाहन लहरिया कट नहीं चलाएं. इससे दुर्घटना की आशंका अधिक रहती है. मौके पर संकल्प ज्योति के मो मोफुजउद्दीन, राजीव कुमार तथा वेद प्रकाश उपाध्याय ने भारत तथा बिहार की सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा बताते हुए कहा कि किन स्थितियों में सड़क दुर्घटना होती है तथा इससे कैसे बचा जा सकता है. सड़क दुर्घटना की स्थिति में बचाव के लिए ट्रॉमा सेंटर पर कितनी जल्दी पीड़ित को पहुंचाया जाये इस मेकैनिज्म का विकास करना होगा. उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण ही दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को नहीं बचाया जा सकता है. कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रत्ना अमृत ने किया.

# स्कूली छात्रों को जागरूक करें

पटना। संकल्प ज्योति एवं सेफ्टी एलायंस के तत्वावधान में बुधवार को लोहिया नगर माउंट कार्मेल स्कूल में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्कूल कॉलेजों में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार और बिहार राज्य आपदा प्रबंधन के सहयोग से यह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

उप प्रधानाध्यापक ने कहा कि स्कूली छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता जरूरी है। कार्यशाला में उपस्थित छात्रों को विभिन्न वाहनों को चलाने के लिये निर्धारित उम्र की भी जानकारी दी गई। छात्रों को हेलमेट, सीटबेल्ट और यातायात के दौरान बरते जाने वाले एहतियात के बारे में बताया।

# हमेशा सावधान रहेंगे तो दुर्घटना से बचेंगे

■ छात्रों को दी गयी सड़क सुरक्षा की जानकारी

लाइफ रिपोर्टर @ पटना

विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है. क्योंकि वे सड़क दुर्घटना के हिसाब से उच्च जोखिम श्रेणी में आते हैं. इसलिए बच्चों को यह जागरूकता विभिन्न माध्यमों द्वारा दी जानी चाहिए. बच्चे देश के भविष्य होते हैं और उनमें अगर शुरुआत से ही मानवता एवं सजगता की पाठ पढ़ायी जाये तो वे निश्चित तौर पर सड़क सुरक्षा विषय को बेहतर तरीके से जान सकेंगे. यह बात माउंट कार्मेल स्कूल, लोहिया नगर के उप-प्रधानाध्यापक एल प्रसाद ने बुधवार को सड़क सुरक्षा पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान अपने संबोधन में कही.

कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से संकल्प ज्योति संस्था तथा सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था. कार्यशाला का संयोजन संतोष कुमार ने किया. उद्घाटन विद्यालय प्रबंधक अभिषेक आनंद ने किया.

## कम उम्र में वाहन चलाना अपराध

एल प्रसाद ने बताया कि 18 वर्ष से पहले वाहन चलाना कानून अपराध है और अगर कोई ऐसा करता है तो इसके लिए सरकार द्वारा दंड का प्रावधान है. हालांकि बच्चे अपने अभिभावकों से हठ कर दुपहिया वाहन लेते हैं और जोखिम भरे अंदाज में सड़कों पर चलाते हैं जिससे न केवल उनके जान का खतरा होता है बल्कि सड़क पर चल रहे पैदल यात्रियों को भी दुघर्टना का सामना करना पड़ता है. कार्यशाला में सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा के लिए संकल्प भी दिलाया गया.

इस आयोजन में प्रेरणा द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया. जिसमें जेब्रा क्रॉसिंग के सहारे कैसे सड़क पार करें, बाइक चलाते वक्त इयरफोन या मोबाइल का प्रयोग न करें, कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें आदि के बारे में बताया गया.

# सड़क हादसों में सबसे ज्यादा घायल हो रहे युवा

पटना | कार्यालय संवाददाता

**जागरूकता**

- सड़क सुरक्षा के नियमों से निफ्ट की छात्र-छात्राएं रू-ब-रू हुए
- 15 से 35 वर्ष के युवा ही हो रहे सड़क दुर्घटनाओं के शिकार

**05** 'ई'- इंजीनियरिंग, इंफॉर्समेंट, इमरजेंसी, इनवायरमेंट और एजुकेशन से सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी

## नुक्कड़ नाटक में जेब्रा क्रॉसिंग के महत्व पर जोर

प्रेरणा की नुक्कड़ नाटक के सदस्यों ने एक लघु नाटक की भी प्रस्तुति की गई। नाटक में जेब्रा क्रॉसिंग के सहारे कैसे सड़क पार किया जाये, बाइक चलाते हुए इयरफोन या मोबाइल का प्रयोग न करें, कार चलाते हुए हमेशा सीट बेल्ट प्रयोग करें, लाल बत्ती होने पर ही सड़क को जेब्रा क्रॉसिंग से पार करें, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करना हमारा परम कर्तव्य है आदि विषयों पर प्रस्तुती की गई।

सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। सड़क पर चलते वक्त ये संकेतक लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग की सीख देते हैं। इसके बावजूद युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता नहीं है। लहेरिया कट बाइक चलाना युवा स्टेट्स सिंबल समझते हैं। सड़क दुर्घटना को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा के पांच 'ई' की अहमियत होती है। इंजीनियरिंग, इन्फोर्समेंट, इमरजेंसी, इनवायरमेंट और एजुकेशन। सड़क सुरक्षा के नियमों से निफ्ट पटना के विद्यार्थी रू-ब-रू हुए।

मौका था बुधवार को सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार एवं बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से संकल्प ज्योति संस्था और सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में जागरुकता कार्यशाला का। वरीय अभियंता श्री धनंजय बम्पट ने कहा कि सड़क निर्माण विभाग प्री-एक्सीडेंट की तैयारी के तहत सड़कों पर विभिन्न सड़क सुरक्षा के चिह्न, नियम, जेब्रा क्रॉसिंग, रम्बल स्टाम्प आदि का निर्माण करती है। वहीं पोस्ट-एक्सीडेंट के तहत ट्रामा सेंटर का निर्माण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि अधिकतर दुर्घटनाओं के शिकार 15 से 35 वर्ष के युवा ही हो रहे हैं। वे लहेरिया कट बाइक चलाते हैं और हेलमेट नहीं पहनते हैं। इस संस्थान के मार्ग में सड़क सुरक्षा मापदंडों की कमी को जल्द से जल्द पूरी करने की कोशिश की जाएगी।

कार्यशाला में निफ्ट के सहायक निदेशक प्रभाष रंजन ने कहा कि पिछले साल निफ्ट के दो छात्र दुर्घटना के शिकार हो गये थे। इसके बाद संस्थान में हेलमेट पहन कर बाइक चलाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बाद संस्थान के बाहर जाते ही हेलमेट उतार देते हैं। स्ट्रीट लाइट की संख्या कम होने के कारण भी दुर्घटनाएं होती है। संयुक्त निदेशक एन.एस. बोहरा ने कहा कि सड़क दुर्घटना पर जागरूकता आज के समय की मांग है।

सिटी ACTIVITY

PATNA, THURSDAY, 14/03/2019 . 2

# दुर्घटना का शिकार 15 से 35 वर्ष के युवा ही हो रहे जो कि बाइकर्स हैं






सिटी रिपोर्टर | पटना

संस्था संकल्प ज्योति की ओर से सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निफ्ट में किया गया। मुख्य अतिथि धनंजय बंप्ट ने सड़क सुरक्षा को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह एजुकेशन का भाग है। जो नई पीढ़ी को लगातार देने की जरूरत है। हालांकि यह नियम उन्हें पता है, फिर भी विभिन्न कार्यशालाओं, प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी देते रहना चाहिए। क्योंकि अधिकतर दुर्घटनाओं का शिकार 15 से 35 वर्ष के युवा ही हो रहे है। जो कि बाइकर्स हैं। वे बेफिक्र हो कर लहेरिया कट बाइक चलाते हैं और हेलमेट रहते हुए भी नहीं पहनते है। कार्यशाला में निफ्ट के सहायक निदेशक प्रभाष रंजन ने कहा कि विगत वर्ष हमारे संस्थान के दो छात्र सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए थे। जो बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे, उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद हमने अपने संस्थान में हेलमेट पहन कर ही बाइक चलाने का नियम बना दिया। संयुक्त निदेशक एनएस बोहरा ने कहा कि सड़क दुर्घटना पर जागरुकता समय की मांग है। संस्थान की उपनिदेशक अनिता कुमारी मौजूद रहीं। संचालन संतोष कुमार ने किया।

---

# बाइक पर ईयरफोन का प्रयोग नहीं करें

पटना | कार्यालय संवाददाता

## सड़क सुरक्षा

- नुक्कड़ नाटक के जरिये दुर्घटना से बचने का दिया संदेश
- दुर्घटना में सहायता करने वालों को दिया जाता है समेरिटन अवार्ड

बाइक चलाते हुए इयरफोन का इस्तेमाल नहीं करें। कार चलाते वक्त सीट बेल्ट जरूर बांधे। लाल बत्ती होने पर ही सड़क को जेब्रा क्रॉसिंग से पार करें। कुछ ऐसे ही संदेश गुरुवार को नुक्कड़ नाटक के जरिये कलाकारों ने छात्राओं को दिए।

मौका था गंगा देवी महिला कॉलेज में सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार और बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सड़क सुरक्षा पर आयोजित एक कार्यक्रम का, जिसमें संकल्प ज्योति और सेफ्टी एलायंस संस्था ने छात्राओं को नुक्कड़ नाटक और विभिन्न तरह की प्रस्तुतियों के माध्यम से सड़क पर सुरक्षित रहने के गुर बताए। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सड़क निर्माण विभाग के सुरक्षा परिषद के नोडल पदाधिकारी धनंजय बम्पट, कॉलेज की प्राचार्या प्रो. श्यामा राय ने दीप जलाकर किया। धनंजय बम्पट ने इस अवसर पर कहा कि सड़क पर अगर कोई दुर्घटनाग्रस्त है तो तुरंत उसकी मदद को पहुंचे। सहायता करनेवालों से पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की जाएगी। भारत सरकार सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को त्वरित सहायता करनेवालों को समेरिटन अवार्ड देती है। पुलिस इन्क्वायरी से डरे बगैर घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराएं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण विभाग तमाम तैयारियों के साथ सड़कों का निर्माण करा रही है, लेकिन लापरवाही और जागरूकता के अभाव में आए दिन दुर्घटनाएं रुक नहीं रही हैं। ब्राजीलिया डिक्लेरेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत में सड़क दुर्घटना के कारण मृत्यु की संख्या को 2020 तक न्यून करने का प्रावधान है। इसलिए इस तरह के जागरूकता अभियान की जरूरत है।

कॉलेज की प्राचार्या प्रो. श्यामा राय ने कहा कि दुर्घटना का मुख्य कारण लापरवाही है। यातायात नियमों की जानकारी और उसके पालन से इस तरह की दुर्घटनाएं कम होंगी। स्कूटी पर छात्राएं हेलमेट का प्रयोग जरूर करें और हेडफोन लगाकर कभी ड्राइव ना करें। प्रॉक्टर प्रो. मणिबाला ने कहा कि कई बार यातायात नियमों को तोड़ने की भूल ही जान ले बैठती है।

# सड़क दुर्घटना में बढ़ोतरी एक चिंता का विषय

## गंगा देवी कॉलेज में सड़क सुरक्षा परिषद के नोडल पदाधिकारी ने रखी अपनी बात

सिटी रिपोर्टर | पटना

सरकार द्वारा अच्छे सड़कों का निर्माण किया जा रहा है लेकिन दिन प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यह आंकड़ा विगत वर्ष के पांच हजार को पार कर 6500 के पास पहुंच गया। यह बात गंगा देवी कॉलेज में गुरुवार को सड़क सुरक्षा परिषद के नोडल पदाधिकारी और वरीय अभियंता धनंजय बम्पट ने कहीं। सड़क, परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और संकल्प ज्योति द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. श्यामा राय ने कहा कि सड़क दुर्घटना एक संवेदनशील विषय है। इसके प्रति हमें जागरूक होने की जरूरत है साथ ही दूसरों को भी जागरूक करने की जरूरत है। मूलभूत यातायात नियमों का पालन कर हम अपनी और सड़क पर चलने वाले लोगों की जान माल की रक्षा कर सकते हैं। प्रोक्टर मणिबाला ने कहा कि सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आज के समय में सभी शैक्षणिक संस्थानों में लगातार होना चाहिए। प्रेरणा की नुक्कड़ नाटक के सदस्यों ने सड़क सुरक्षा पर एक नाटक प्रस्तुत किया।




prabhatkhabar.com | लाइफ पटना | पटना, शुक्रवार 15.03.2019 | 03

जागरूकता

### सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला का किया गया आयोजन

# स्कूटी चलाते वक्त छात्राएं न करें इयरफोन का इस्तेमाल

लाइफ रिपोर्टर | पटना

सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार तथा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से संकल्प ज्योति संस्था और सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में गंगा देवी महिला कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस दौरान सड़क सुरक्षा परिषद के नोडल पदाधिकारी एवं वरीय अभियंता धनंजय, कॉलेज की प्राचार्या प्रो श्यामा राय, प्रॉक्टर मणिबाला, प्रमिला शर्मा और संकल्प ज्योति के सचिव संतोष कुमार मौजूद थे. कार्यशाला के दौरान धनंजय ने बताया कि आय दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या 5000 को पार कर 6,500 के आस-पास हो गयी है. इस प्रकार के जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम होते रहना चाहिए. उन्होंने 18 वर्ष से कम उम्र में वाहन नहीं चलाने तथा बिना लाइसेंस के वाहन न चलाने तथा हेलमेट की आवश्यकता पर बल दिया.

**नुक्कड़ नाटक ने सड़क सुरक्षा का दिया संदेश**

प्राचार्या श्यामा ने आये दिन होने वाले हादसों को लेकर सतर्कता बरतने की बात कही. उन्होंने बताया कि कई बार छात्राएं हेलमेट के बिना और इयरफोन के साथ स्कूटी चलाती हैं जिसकी वजह से एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है. अगर कोई छात्रा कॉलेज में इस तरह से आयेंगी तो सख्ती बरती जायेगी.

SANKALP JYOTI

prabhatkhabar.com

**लाइफ पटना** पटना, शनिवार 16.03.2019 02

जागरूकता कार्यशाला — मगध महिला कॉलेज में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# सड़क पर सतर्क, सजग और सुरक्षित होकर चलें

लाइफ रिपोर्टर @ पटना

सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार तथा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से संकल्प ज्योति संस्था और सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन मगध महिला कॉलेज में किया गया. इस अवसर पर पथ निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता धनंजय कुमार बम्पट, कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि शर्मा, प्रॉक्टर जनार्दन प्रसाद और संकल्प ज्योति के सचिव संतोष कुमार मौजूद थे. धनंजय बम्पट ने बताया कि रोड सेफ्टी ऑडिट, ब्लैक स्पॉट का निराकरण एवं संबंधित अभियंताओं को रोड सेफ्टी ऑडिट विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा



सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यशाला के दौरान नाटक की प्रस्तुति देते युवा.

है. सड़क सुरक्षा के तहत अंग्रेजी के 5(इ) पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि अगर हम सभी इन पांच (इ) का पालन करें तो सड़क दुर्घटना में कमी आयेगी. वह पांच(इ) इंजीनियरिंग, इनफोर्समेंट, इमरजेंसी, इनवायरमेंट और एजुकेशन है. मौके पर प्राचार्या डॉ शशि शर्मा ने बताया कि हमारे कॉलेज के सामने फुट ओवर ब्रिज की जरूरत है, क्योंकि छात्राओं को सड़क पार करने में दिक्कत होती है. उन्होंने सभी छात्राओं को बताया कि आप सभी सड़कों पर पैदल चले या स्कूटी चलाये, उस दौरान अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें. सतर्क, सजग एवं सुरक्षित होकर सड़कों पर चलें. इस दौरान छात्राओं के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर प्रेरणा की ओर से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया.

# सड़क दुर्घटना में करें घायलों की मदद

**पटना।** संकल्प संस्था तथा सेफ्टी एलांयस की ओर से दरभंगा हाउस में मंगलवार को सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित हुई। इसका उद्घाटन पीएमआइआर की प्रमुख डॉ. सुनीता राय तथा प्रशिक्षक प्रो. शरद परवल, डॉ. कामेश्वर पंडित, डॉ. गोविंद कुमार, डॉ. रिंपुजय कुमार व राजीव कुमार ने किया। डॉ. कामेश्वर पंडित ने कहा कि हम सड़क दुर्घटना के दुष्प्रभावों को जानते हैं।

पटना, शनिवार 30.03.2019 **प्रभात खबर** 04

## ब्रीफ न्यूज


सड़क सुरक्षा को लेकर रोड शो के दौरान स्टूडेंट व अन्य.

### सड़क सुरक्षा पर रोड शो आयोजित

**पटना.** सड़क सुरक्षा पर शुक्रवार को एएन सिन्हा इंस्टीच्यूट और बिहार रेड क्रास सोसायटी के बीच रोड शो आयोजित किया गया. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार और बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार के सहयोग से संकल्प ज्योति संस्था तथा सेफ्टी एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन किया गया. इसमें नेशनल ला यूनिवर्सिटी, कॉलेज ऑफ कॉमर्स, दरभंगा हाउस, डॉ जाकिर हुसैन इंस्टीच्यूट और मगध महिला कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भाग लिया.

# SANKALP JYOTI




















# SANKALP JYOTI























# SANKALP JYOTI























# SANKALP JYOTI

| | | |
|---|---|---|
|  | |  |
|   | |   |